# हिमाचल प्रदेश चौदहवीं विधान सभा

## बारहवां सत्र

## मौखिक उत्तर हेतु प्रश्न

## बुधवार, 26 अगस्त, 2026/04, भाद्रपद, 1948 (शक्)

----

**[मुख्य मंत्री - उप-मुख्य मंत्री - स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री - कृषि मंत्री - उद्योग मंत्री - राजस्व मंत्री - शिक्षा मंत्री - ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री - लोक निर्माण मंत्री - नगर एवं ग्राम योजना मंत्री - आयुष मंत्री ].**

**कुल प्रश्न 44**

----

**सी0बी0एस0ई0**

***4456 श्री सुधीर शर्मा (धर्मशाला) :**
**डॉ0 जनक राज (भरमौर) :**
**श्री रणधीर शर्मा (श्री नैना देवीजी) :**
**श्री विपिन सिंह परमार (सुलह) :**
**श्री राकेश जम्वाल (सुन्दरनगर) :**

क्या **शिक्षा मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) प्रदेश में सी0बी0एस0ई0 से अधिसूचित विद्यालयों की संख्या कितनी है; इनमें से कितने विद्यालयों में प्रवेश एवं पाठ्यक्रम आरम्भ हो चुके हैं; विद्यालयों का जिलावार एवं निर्वाचन क्षेत्रवार ब्यौरा दें;

(ख) इनमें विभिन्न श्रेणियों के श्रेणीवार स्वीकृत, कार्यरत, रिक्त तथा सीधी भर्ती हेतु सृजित पदों का ब्यौरा दें;

(ग) क्या ये शिक्षक सीधी भर्ती द्वारा राज्य चयन आयोग से अस्थायी आधार पर नियुक्त किए जा रहे हैं; यदि हां, तो इनकी शैक्षणिक योग्यता, सेवा अवधि, वेतनमान एवं भर्ती/ पदोन्नति नियम पूर्व नियुक्त प्रवक्ताओं के समान हैं; यदि नहीं, तो कारण;

(घ) क्या इन्हें नियमितीकरण अथवा समान श्रेणी पर समायोजन मिलेगा; यदि नहीं, तो इस हेतु क्या शर्तें हैं;

(ङ) सी0बी0एस0ई0 मानकों के अनुरूप इनमें विभिन्न श्रेणियां, प्रयोगशाला, पुस्तकालय, स्मार्ट कक्षा एवं अन्य सुविधाएं कब तक मुहैया करवा दी जाएंगी; और

(च) गत तीन वर्षों में दिनांक 01-08-2026 तक कितने प्राथमिक, माध्यमिक, उच्च एवं वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों को बंद अथवा विलय किया गया तथा इन बंद तथा विलय किए गए विद्यालयों के भवनों का प्रयोग किस कार्य हेतु किया जा रहा है; ब्यौरा विद्यालवार दें?

----

## पुलिस थाना भवन

***4457 श्री कुलदीप सिंह राठौर (ठियोग):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि कुमारसैन पुलिस थाना भवन वर्ष, 2023 में असुरक्षित घोषित किया गया था; यदि हां, तो इसके स्थान पर नए भवन के निर्माण हेतु सरकार द्वारा क्या कार्रवाई की गई; और

(ख) नए पुलिस थाना भवन के निर्माण हेतु भूमि का हस्तांतरण, अनापत्ति प्रमाण-पत्र, डी0पी0आर0 तथा प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति की अद्यतन स्थिति क्या है?

----

## सड़क मरम्मत

***4458 श्री सुख राम चौधरी (पांवटा साहिब):**

क्या **लोक निर्माण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) पांवटा साहिब विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत गत तीन वर्षों में दिनांक 30 जून, 2026 तक संपर्क मार्ग पुरूवाला-अम्बोया-राजपुरा-कालथ-बराना-किलोर सड़क तथा देवी नगर-रामपुर घाट-आम्बवाला-नवादा-मानपुर-देवड़ा -बद्रीपुर पुल तक ए0एम0पी0 में कुल कितने किलोमीटर की टारिंग हुई; ब्यौरा वर्षवार दें; और

(ख) यह सत्य है कि उक्त सड़कों में गड्ढे पड़े हैं; यदि हां, तो क्या सरकार बरसात के उपरान्त इन सड़कों की मरम्म्त करवाने का विचार रखती है?

----

## एन0डी0पी0एस0 के मामले

***4459 श्री केवल सिंह पठानिया (शाहपुर):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत तीन वर्षों में दिनांक 01.08.2026 तक प्रदेश में एन0डी0पी0एस0 एक्ट के तहत कितने मामले किन-किन व्यक्तियों पर दर्ज हुए तथा इन व्यक्तियों पर क्या कार्रवाई की गई तथा सरकार द्वारा कितने व्यक्तियों की सम्पत्ति सीज़ की जा चुकी है; ब्यौरा दें; और

(ख) क्या सरकार प्रदेश में नशे की रोकथाम हेतु कड़े कदम उठाने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; ब्यौरा दें?

----

## लेक व्यू होटल

***4460 श्री त्रिलोक जम्वाल (बिलासपुर):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत तीन वर्षों में दिनांक 01.08.2026 तक जिला बिलासपुर में स्थित एच0पी0टी0डी0सी0 के लेक व्यू होटल से वर्षवार कितना राजस्व अर्जित हुआ तथा इस अवधि में होटल पर कितना व्यय हुआ; कितना लाभ/हानि हुई; और

(ख) क्या सरकार इस होटल को बंद करने का विचार रखती है; यदि हां, तो कारण?

----

## अनुसूचित जाति प्रमाण-पत्र

***4461 श्री हरदीप सिंह बावा (नालागढ़):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि गांव रख घनसोत, तहसील नालागढ़, जिला सोलन के अनुसूचित जाति समुदाय के अनेक पात्र व्यक्तियों को राजस्व अभिलेखों में उनकी जाति "बंगाली" के स्थान पर "बंगाला" दर्ज होने के कारण अनुसूचित जाति प्रमाण-पत्र जारी नहीं हो पा रहे हैं; यदि हां, तो सरकार द्वारा इसमें अब तक क्या कार्रवाई की गई;

(ख) सरकार ने इस संबंध में क्या कोई जांच अथवा रिपोर्ट प्राप्त की है; यदि हां, तो ब्यौरा दें; और

(ग) क्या सरकार राजस्व अभिलेखों में आवश्यक संशोधन कर पात्र व्यक्तियों को अनुसूचित जाति प्रमाण-पत्र जारी करने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; यदि

नहीं, तो कारण?

----

## विकास कार्य

***4462 श्रीमती रीना कश्यप (पच्छाद):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत तीन वर्षों में दिनांक 01.08.2026 तक पच्छाद विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत स्वीकृत विकास कार्यों की कार्यवार सूची, स्वीकृत, जारी व व्यय धनराशि तथा प्रत्येक कार्य की अद्यतन स्थिति क्या है; लंबित विकास कार्यों को पूर्ण करने हेतु सरकार द्वारा क्या कार्य योजना बनाई गई है; ब्यौरा दें ?

----

## नए पंचायत घर

***4463 श्री राकेश कालिया (गगरेट):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गगरेट विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत विकास खंड गगरेट तथा अम्ब में कितनी पंचायतों में नए पंचायत घर बनाए जा रहे हैं तथा इन पर कितनी धनराशि व्यय की जा रही है; और

(ख ) इस निर्वाचन क्षेत्र में कितने नए पंचायत भवन बनने प्रस्तावित हैं?

----

## बल्क ड्रग पार्क

***4464 श्री बिक्रम सिंह (जसवां-प्रागपुर):**

क्या **उद्योग मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि बल्क ड्रग पार्क परियोजना हेतु केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा वित्तीय सहायता उपलब्ध करवाई गई है; यदि हां, तो केन्द्र एवं राज्य सरकार से प्राप्त धनराशि, परियोजना की स्वीकृत लागत तथा दिनांक 01.08.2026 तक प्राप्त एवं व्यय धनराशि, परियोजना के अंतर्गत स्वीकृत सभी अवसंरचना एवं उप-परियोजनाओं का नामवार ब्यौरा दें; और

(ख) प्रत्येक कार्य की स्वीकृत लागत, जारी निविदाओं की संख्या, ठेकेदार/कार्यदायी एजेंसी का नाम, कार्यादेश की तिथि, व्यय धनराशि, वर्तमान भौतिक एवं वित्तीय प्रगति, पूर्ण एवं निर्माणाधीन कार्यों की स्थिति तथा कार्य पूर्ण होने की निर्धारित समय-सीमा का परियोजनावार ब्यौरा दें; यदि किसी कार्य में विलम्ब हुआ है, तो उसके कारण, उत्तरदायी

एजेंसी तथा संभावित पूर्णता अवधि का ब्यौरा दें?

----

## स्वर्ण जयंती आश्रय योजना

***4465 श्री विनोद कुमार (नाचन):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) प्रदेश में गत तीन वर्षों में दिनांक 01.08.2026 तक स्वर्ण जयंती आश्रय योजना एवं प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत कितने घर आबंटित किए गए; ब्यौरा जिलावार व विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रवार दें; और

(ख) इन योजनाओं के तहत ऐसे कितने लाभार्थी हैं, जिन्हें सभी औपचारिकताएं पूर्ण किए जाने के बावजूद भी दूसरी किश्त प्रदान नहीं की गई है; ब्यौरा नाम व पते सहित दें?

----

## क्षतिग्रस्त सड़कें

***4466 श्री सुरेन्द्र शौरी (बंजार):**

क्या **लोक निर्माण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) वर्ष, 2023 एवं 2025 में आई प्राकृतिक आपदा के कारण लोक निर्माण विभाग, मंडल बंजार के अंतर्गत कितनी सड़कें क्षतिग्रस्त हुईं; ब्यौरा दें;

(ख) क्षतिग्रस्त सड़कों की बहाली, मरम्मत एवं पुनर्निर्माण हेतु कुल कितनी धनराशि स्वीकृत एवं जारी की गई तथा कितनी शेष है; सड़कवार ब्यौरा दें; और

(ग) कितनी सड़कें पूर्ण रूप से यातायात एवं बस संचालन हेतु बहाल हो चुकी हैं तथा कितनी बहाल नहीं हुई हैं तथा शेष सड़कों को कब तक पूर्ण रूप से बहाल कर दिया जाएगा; सड़कवार ब्यौरा दें?

----

## सलूणी बस अड्डा

***4467 श्री डी0 एस0 ठाकुर (डलहौजी):**

क्या **उप-मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) सरकार सलूणी में आधुनिक सुविधाओं से युक्त नए बस अड्डे के निर्माण का विचार रखती है; और

(ख) यदि हां, तो इस बस अड्डे के निर्माण हेतु भूमि चयन तथा धनराशि आबंटन की अद्यतन स्थिति क्या है; इसे कब तक पूर्ण कर दिया जाएगा; ब्यौरा दें?

----

## डी0पी0आर्ज0

***4468 श्री पवन कुमार काजल (कांगड़ा):**

क्या **लोक निर्माण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत तीन वर्षों में दिनांक 01.08.2026 तक जिला कांगड़ा में लोक निर्माण विभाग के अंतर्गत नाबार्ड से कितनी डी0पी0आर्ज0 स्वीकृत हुई हैं; विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रवार ब्यौरा दें?

----

## सड़कें / पुल

***4469 श्री दीप राज (करसोग) :**

क्या **लोक निर्माण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) करसोग विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत लोक निर्माण विभाग के तहत स्वीकृत सड़कों, भवनों, पुलों एवं अन्य विकास कार्यों का कार्यवार ब्यौरा दें;

(ख) प्रत्येक कार्य की प्रशासनिक/तकनीकी स्वीकृति की तिथि, स्वीकृत लागत, निविदा संख्या/तिथि, ठेकेदार/फर्म, अनुबंध राशि तथा निर्धारित आरम्भ/पूर्णता की तिथि क्या है;

(ग) प्रत्येक कार्य पर व्यय धनराशि, शेष धनराशि तथा लंबित कार्यों का ब्यौरा दें;

(घ) गत तीन वर्षों में दिनांक 01.08.2026 तक निरस्त, पुनः आमंत्रित अथवा विवादित निविदाओं का कार्यवार ब्यौरा दें;

(ङ) करसोग-बगशाड़ सड़क के उन्नयन/निर्माण हेतु केंद्रीय सड़क एवं अवसंरचना कोष से कितनी प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्राप्त हुई है तथा इसकी डी0पी0आर0/एन0आई0टी0 कब जारी हुई; और

(च) इस सड़क की निविदा संख्या, आमंत्रण तिथि, तकनीकी/वित्तीय मूल्यांकन की स्थिति, निर्माण एजेंसी तथा कार्य आबंटन की संभावित तिथि क्या है; निविदा प्रक्रिया में विलंब होने के कारणों सहित ब्यौरा दें?

----

## जन्म एवं मृत्यु पंजीकरण

***4470 श्री प्रकाश राणा (जोगिन्द्रनगर):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि वर्ष, 2011 से पूर्व के जन्म एवं मृत्यु पंजीकरण के अभिलेख ग्राम पंचायतों में उपलब्ध नहीं हैं तथा इन्हें प्राप्त करने हेतु लोगों को मुख्य चिकित्सा अधिकारी के कार्यालय जाना पड़ता है; यदि हां, तो कारण; और

(ख) क्या सरकार इन अभिलेखों को ग्राम पंचायत स्तर पर उपलब्ध करवाने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; यदि नहीं, तो कारण?

----

## हाउसिंग कॉलोनी

***4471 श्री जीत राम कटवाल (झण्डुता):**

क्या **नगर एवं ग्राम योजना मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकार झण्डुता विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत कोटधार में हाउसिंग कॉलोनी बनाने का विचार रखती है; यदि हां, तो इसका कार्य कब तक आरम्भ कर दिया जाएगा; ब्यौरा दें?

----

## सड़क निर्माण

***4472 श्री मोहन लाल ब्राक्टा (रोहडू) :**

क्या **लोक निर्माण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) रोहड़ू, चिड़गांव एवं डोडरा-क्वार में सड़कों के निर्माण/सुधार कार्यों की अद्यतन स्थिति क्या है; कार्यवार एवं पूर्णता की निर्धारित समय-सीमा का ब्यौरा दें;

(ख) करोट—चांशल तथा चांशल—डोडरा-क्वार सड़कों की प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत अद्यतन स्थिति क्या है; कार्यवार एवं पूर्णता की समय-सीमा का ब्यौरा दें;

(ग) गत तीन वर्षों में दिनांक 31.07.2026 तक अस्फाल्ट मिक्सिंग प्लांट (ए0एम0पी0) के तहत रोहडू एवं डोडरा-क्वार मंडलों में कितने किलोमीटर सड़कों की मेटलिंग/टारिंग की गई; सड़कवार एवं स्थानवार ब्यौरा दें; और

(घ) ए0एम0पी0 के अंतर्गत कितनी सड़कों की मेटलिंग/टारिंग होनी शेष है; योजनावार ब्यौरा दें तथा क्या इस अवधि में कोई योजना लैप्स हुई है; यदि हां, तो कारण?

----

## खेल स्टेडियम

***4473 श्री राम कुमार (दून):**

क्या **आयुष मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि बद्दी में खेल स्टेडियम का निर्माण कार्य कब तब आरम्भ कर दिया जाएगा; ब्यौरा दें?

----

## व्यय धनराशि

***4474 श्री लोकेन्द्र कुमार (आनी):**

क्या **उप-मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत तीन वर्षों में दिनांक 01.08.2026 तक प्रदेश सरकार द्वारा सरकारी सहायता प्राप्त विभिन्न मेलों, उत्सवों तथा त्यौहारों पर कितना व्यय किया गया; ब्यौरा दें?

----

## टिहरी-पराशर बस सेवा

***4475 श्री पूर्ण चन्द ठाकुर (दरंग ):**

क्या **उप-मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) दरंग विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत टिहरी-पराशर सड़क का उद्घाटन कब किया गया था तथा यह सड़क पूर्ण रूप से यातायात के लिए चालू है या नहीं; यदि सड़क चालू है, तो जनहित में इस पर एच0आर0टी0सी0 की नियमित बस सेवा कब तक आरंभ कर दी जाएगी; और

(ख) क्या सरकार द्वारा इस संबंध में एच0आर0टी0सी0 को कोई निर्देश/प्रस्ताव भेजा गया है; यदि हां, तो ब्यौरा दें तथा बस सेवा आरंभ करने की निर्धारित समय-सीमा क्या है ?

----

## TCP, Valley Act & Development area Plans in Kasauli

***4476 Sh. Vinod Sultanpuri (Kasauli):**

Will the **Town and Country Planning Minister** be pleased to state whether it is a fact that various Acts, rules and development plans applicable in the Kasauli Assembly Constituency, including the Valley Act, TCP provisions and various

Development Area Plans, have resulted in disparities; whether the Government proposes to reconsider the existing provisions and bring uniformity therein; if so, details be given?

----

## पंचायत भवन

***4477 डॉ0 हंस राज (चुराह):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) जिला चम्बा में ऐसी कितनी ग्राम पंचायतें हैं, जिनके पंचायत भवन नहीं हैं; विकास खंडवार ब्यौरा दें;

(ख) चुराह विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत विकास खंड तीसा में स्वीकृत मिनी सचिवालय का निर्माण कार्य किस संस्था/कार्यदायी एजेंसी द्वारा किया जा रहा है तथा इसके पूर्ण होने की निर्धारित समय-सीमा क्या है; ब्यौरा दें; और

(ग) विकास खंड तीसा स्थित पंचायती राज कार्यालय में कितने पद रिक्त हैं; पदवार ब्यौरा दें; रिक्त पदों को कब तक भर दिया जाएगा?

----

## पुल निर्माण

***4478 श्री किशोरी लाल (बैजनाथ) :**

क्या **लोक निर्माण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) बैजनाथ विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत पपरोला के विनवा पुल के पास भूस्खलन से इस पुल को खतरा पैदा हो गया है; यदि हां, तो भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा इसका निर्माण कार्य कब तक करवा दिया जाएगा; ब्यौरा दें; और

(ख) इस निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत पिहड़ से ढडोल विनवा खड्ड के ऊपर बनने वाले पुल के निर्माण हेतु क्या डी0पी0आर0 बना दी गई है ; यदि हां, तो ब्यौरा दें ?

----

## स्थानांतरण नीति

***4479 श्री सतपाल सिंह सत्ती (ऊना):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या सरकार विभिन्न विभागों में कार्यरत अधिकारियों/कर्मचारियों के स्थानांतरण हेतु कोई नीति बनाने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; यदि नहीं, तो कारण?

----

## एच0पी0टी0डी0सी0 नदौन

***4480 श्री सुधीर शर्मा (धर्मशाला):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि प्रदेश के पर्यटन विभाग द्वारा नदौन में एच0पी0टी0डी0सी0 के होटल का निर्माण करवाया जा रहा है; यदि हां, तो इस पर कितनी धनराशि व्यय की जा चुकी है तथा जिस भूमि पर इस होटल का निर्माण कार्य प्रगति पर है, वह भूमि किस विभाग के नाम पर पंजीकृत है; ब्यौरा दें?

----

## पुरानी पेंशन योजना

***4481 डॉ0 जनक राज (भरमौर) :**
**श्री विपिन सिंह परमार (सुलह) :**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि नई पेंशन योजना से पुरानी पेंशन योजना में स्थानांतरित अनेक सेवानिवृत्त अथवा सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों द्वारा निर्धारित धनराशि जमा करवाने के बावजूद उन्हें पुरानी पेंशन का लाभ नहीं मिला है; यदि हां, तो लंबित मामलों की संख्या, जमा धनराशि तथा जिला एवं विभागवार ब्यौरा दें;

(ख) ऐसे कितने कर्मचारी सेवानिवृत्त हो चुके हैं, कितने पेंशन से वंचित हैं तथा पेंशन स्वीकृति/भुगतान में विलंब के क्या कारण हैं;

(ग) सरकार द्वारा लंबित प्रकरणों के निस्तारण एवं पात्र कर्मचारियों को पुरानी पेंशन का लाभ कब तक प्रदान कर दिया जाएगा;

(घ) प्रदेश में कितने नियमित सरकारी कर्मचारी कार्यरत हैं; इनमें कितने पुरानी पेंशन योजना के अंतर्गत हैं तथा कितने वंचित हैं; विभागवार एवं श्रेणीवार ब्यौरा दें; और

(ङ) इनके वेतन एरियर, महंगाई भत्ता, मेडिकल प्रतिपूर्ति, एल0टी0सी0, अवकाश नकदीकरण एवं अन्य वित्तीय देयकों की मदवार लंबित राशि तथा प्रभावित कर्मचारियों की संख्या कितनी है; इनके लंबित रहने के क्या कारण हैं तथा भुगतान कब तक कर दिया जाएगा?

----

## आपदा से क्षति

***4482 श्री रणधीर शर्मा (श्री नैना देवीजी):**

क्या **राजस्व मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गत तीन वर्षों में दिनांक 01.08.2026 तक श्री नैना देवीजी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत कितने मकान एवं पशुशालाएं पूर्णतः एवं आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हुई हैं; नाम व पते सहित ब्यौरा दें; और

(ख) इस अवधि के दौरान इस निर्वाचन क्षेत्र में आपदा के कारण किन-किन प्रभावित लोगों को कितना-कितना मुआवज़ा किस-किस मद से प्रदान किया गया; ब्यौरा दें?

----

## अन्तर्राज्यीय कनेक्टिविटी

***4483 श्री सुख राम चौधरी (पांवटा साहिब):**

क्या **लोक निर्माण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि अन्तर्राज्यीय कनेक्टिविटी के अंतर्गत सी0आर0आई0एफ0 में नवघाट विकास नगर उत्तराखंड से सिंहपुरा-भगाणी में मुख्य नदी पर दो वर्ष पूर्व पुल बनकर तैयार है; और

(ख) यह भी सत्य है कि हिमाचल प्रदेश की तरफ से लगती 750 मीटर सड़क की भूमि अधिग्रहण करनी थी जोकि अधिग्रहित नहीं की गई है; यदि हां, तो कारण?

----

## दन्त चिकित्सक

***4484 श्री केवल सिंह पठानिया (शाहपुर):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) वर्तमान में प्रदेश के प्राथमिक व सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में दन्त चिकित्सकों के कितने पद स्वीकृत व कितने रिक्त हैं; रिक्त पदों को सरकार कब तक भरने का विचार रखती है;

(ख) राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन द्वारा प्रदेश के कितने संस्थानों में दन्त चिकित्सक तैनात किए गए हैं; और

(ग) इस मिशन के तहत व स्वास्थ्य संस्थानों में दन्त चिकित्सकों की तैनाती के क्या मापदण्ड हैं; ब्यौरा दें?

----

## सी0एच0सी0 पंजगाई एवं कुठेड़ा

***4485 श्री त्रिलोक जम्वाल (बिलासपुर):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सी0एच0सी0 पंजगाई एवं कुठेड़ा हेतु स्वीकृत धनराशि में से प्रदेश सरकार द्वारा डायवर्ट की गई धनराशि कब तक वापस उपलब्ध करवाई जाएगी तथा दोनों स्वास्थ्य केंद्रों का कार्य कब से शुरू किया जाएगा तथा कब तक पूर्ण कर लिया जाएगा; ब्यौरा दें?

----

## विद्युत विभाग में पद

***4486 श्रीमती रीना कश्यप (पच्छाद):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि पच्छाद विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत विद्युत विभाग में कितने पद स्वीकृत, कितने भरे तथा कितने रिक्त हैं; रिक्त पदों को कब तक भर दिया जाएगा; ब्यौरा दें?

----

## जल क्रीड़ा

***4487 श्री राकेश कालिया (गगरेट):**

क्या **आयुष मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) पौंग बांध में सरकार द्वारा वर्तमान में कौन-कौन सी जल क्रीड़ाएं एवं अन्य गतिविधियां संचालित की जा रही हैं; और

(ख) इस जलाशय में सरकार द्वारा प्रतिवर्ष कितनी धनराशि व्यय की जाती है; ब्यौरा दें?

----

## पीलिया

***4488 श्री विनोद कुमार (नाचन):**

क्या **उप-मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि उप-मंडल गोहर के अंतर्गत विभिन्न ग्राम पंचायतों में दूषित पेयजल आपूर्ति के कारण पीलिया (हेपेटाइटिस ए0/ई0) का गंभीर संकट उत्पन्न हुआ है, जिससे 240 से अधिक लोग संक्रमित हुए हैं तथा मौतें भी दर्ज की गई हैं; यदि हां, तो सरकार द्वारा इसमें क्या कार्रवाई की गई;

(ख) यह भी सत्य है कि इस मामले में स्थानीय बार एसोसिएशन गोहर द्वारा सिविल जज कोर्ट गोहर में सी0पी0सी0 की धारा 80(2) एवं दफा 91 के तहत जनहित में मुकदमा दायर किया गया है;

(ग) गोहर खंड में पीलिया एवं जलजनित बीमारियों के स्थायी समाधान हेतु सरकार द्वारा क्या पग उठाए गए हैं; क्या इस क्षेत्र में सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट, सीवर लाइन एवं पेयजल स्रोतों के नियमित परीक्षण की कोई योजना स्वीकृत की गई है; और

(घ) वॉश इंस्टीट्यूट एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा गोहर ब्लॉक में चलाए जा रहे विशेष 'पायलट प्रोजैक्ट' तथा 1,007 आवासों के बेसलाइन सर्वे की प्रमुख सिफारिशें क्या हैं व सरकार इन्हें पूरे क्षेत्र में कब तक लागू करने का विचार रखती है?

----

## बंजार सब्जी मंडी

***4489 श्री सुरेन्द्र शौरी (बंजार):**

क्या **कृषि मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) बंजार सब्जी मंडी का संचालन कब आरम्भ किया गया तथा इसे स्थायी भूमि पर कब स्थानांतरित किया गया; ब्यौरा दें;

(ख) इस सब्जी मंडी के मार्केट यार्ड के निर्माण हेतु प्रशासनिक एवं तकनीकी स्वीकृति कब प्रदान की गई तथा निर्माण कार्य कब आरम्भ हुआ; इस हेतु कितनी धनराशि स्वीकृत एवं जारी की गई; इसका कितना कार्य पूर्ण हो चुका है; ब्यौरा दें;

(ग) इस पर कितनी धनराशि व्यय की जा चुकी है तथा कितनी शेष है; मदवार एवं वर्षवार ब्यौरा दें; और

(ङ) इसके निर्माण की अद्यतन स्थिति क्या है; यदि निर्माण कार्य निर्धारित समय-सीमा के अनुसार पूर्ण नहीं हो पाया है, तो इसके क्या कारण हैं; इसे कब तक पूर्ण कर लिया जाएगा?

----

## डी0पी0आर्ज0

***4490 श्री डी0 एस0 ठाकुर (डलहौजी) :**

क्या **लोक निर्माण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत तीन वर्षों में दिनांक 01.08.2026 तक लोक निर्माण विभाग के उप-मण्डल सलूणी व डलहौजी में विधायक प्राथमिकता के अंतर्गत कितनी सड़कों व पुलों की डी0पी0आर्ज0 तैयार की गई हैं;

(ख) इस अवधि में स्वीकृत कार्यों में से कितनी डी0पी0आर्ज0 नहीं बनाई जा सकीं व

कितनी लम्बित हैं; इसके क्या कारण हैं; कार्यवार ब्यौरा दें;

(ग) यह सत्य है कि बाथरी-सुंडला-लंगेरा सड़क मार्ग के प्रस्तावित विस्तारीकरण एवं चौड़ीकरण के कार्य हेतु सरकार द्वारा डी0पी0आर0 तैयार कर ली गई है; यदि हां, तो इस परियोजना की अनुमानित लागत कितनी है; अद्यतन स्थिति सहित ब्यौरा दें; और

(घ) क्या इस विस्तारीकरण एवं चौड़ीकरण के कार्य हेतु इस वित्तीय वर्ष में धनराशि का प्रावधान किया गया है; यदि हां, तो कितनी धनराशि आबंटित की गई; ब्यौरा दें?

----

## विश्व बैंक

***4491 श्री दीप राज (करसोग):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) विश्व बैंक द्वारा वित्त पोषित 2,066 करोड़ रुपये की बाह्य सहायता प्राप्त परियोजना एच0पी0 पावर सैक्टर डवलपमेंट प्रोग्राम" जिसे प्रदेश सरकार ने दिसम्बर, 2023 में प्राप्त किया था के तहत किए गए प्रत्येक कार्य की व्यय रिपोर्ट का ब्यौरा दें;

(ख) इस धनराशि की वापसी हेतु भारत सरकार व प्रदेश सरकार का योगदान कितने-कितने प्रतिशत का है; और

(ग) उपरोक्त परियोजना के अंतर्गत किए जा रहे प्रत्येक कार्य की अद्यतन स्थिति का ब्यौरा दें?

----

## राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय

***4492 श्री प्रकाश राणा (जोगिन्द्रनगर):**

क्या **शिक्षा मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि जोगिन्द्रनगर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत ऐसे कितने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय हैं, जिनके भवनों के निर्माण कार्य अधूरे हैं तथा इनका निर्माण कार्य कब तक पूर्ण कर लिया जाएगा; अद्यतन स्थिति सहित ब्यौरा दें?

----

## बस सुविधा

***4493 श्री जीत राम कटवाल (झण्डुता):**

क्या **उप-मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकार झण्डुता विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत तलाई से वाया मरोत्तन एवं झण्डुता, डाहड़, नखलेहड़ा, दाड़ी- भाड़ी, भराड़ी

से एम्स हेतु सुबह एच0आर0टी0सी0 की बस चलाने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; ब्यौरा दें?

----

## पदपूर्ति

***4494 श्री मोहन लाल ब्राक्टा (रोहड़ू) :**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि नागरिक अस्पताल रोहड़ू में विभिन्न श्रेणियों के कितने पद स्वीकृत व कितने रिक्त हैं; श्रेणीवार ब्यौरा दें; रिक्त पदों को कब तक भर दिया जाएगा?

----

## बस सेवा

***4495 श्री राम कुमार (दून):**

क्या **उप-मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि दून विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत कुनिहार-चण्डी-गोयला-चण्डीगढ़ बस सेवा कब तक आरम्भ कर दी जाएगी?

----

## पंचायत भवन

***4496 श्री लोकेन्दर कुमार (आनी):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि गत तीन वर्षों में दिनांक 20 फरवरी, 2026 तक आनी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत नए एवं पुराने पंचायत भवनों के निर्माण/पुनर्निर्माण हेतु धनराशि स्वीकृत की गई है; यदि हां, तो पंचायतवार स्वीकृत धनराशि, कार्य की स्थिति एवं पूर्ण/ लंबित भवनों का ब्यौरा दें;

(ख) क्या गत वर्ष प्रदेश में नई पंचायतों का गठन किया गया है; यदि हां, तो जिला कुल्लू विशेषकर आनी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रवार ब्यौरा दें; क्या इनके गठन हेतु संबंधित पंचायतों से प्रस्ताव प्राप्त हुए थे अथवा सरकार ने स्वतः निर्णय लिया;

(ग) आनी क्षेत्र से नई पंचायतों के प्रस्ताव प्राप्त होने के बावजूद गठन न करने के कारण व निर्धारित मापदंड क्या हैं; और

(घ) इस निर्वाचन क्षेत्र में 1600 से अधिक पंजीकृत मतदाताओं वाली पंचायतों का पंचायतवार ब्यौरा दें; ऐसी पंचायतों के पुनर्गठन/विभाजन पर विचार न करने के कारण तथा नई पंचायत के गठन हेतु निर्धारित नियम, मापदंड एवं शर्तों का ब्यौरा दें?

----

## बस सेवा

***4497 श्री पूर्ण चन्द ठाकुर (दरंग):**

क्या **उप-मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) दरंग विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के मलवाड़ा—बथेरी खलबूट सड़क मार्ग पर नियमित बस सेवा कब तक आरम्भ कर दी जाएगी तथा बस सेवा आरम्भ न होने के क्या कारण हैं;

(ख) इस सड़क का निर्माण कार्य कब किया गया व इसे लोगों को कब समर्पित किया गया था; और

(ग) क्या सरकार इस क्षेत्र के ग्रामीणों की सुविधा हेतु सड़क निर्माण पूर्ण होने तक वैकल्पिक परिवहन व्यवस्था उपलब्ध करवाने का विचार रखती है; यदि हां, तो ब्यौरा दें?

----

## प्राकृतिक आपदा से नुकसान

***4498 डॉ0 हंस राज (चुराह):**

क्या **राजस्व मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि गत वर्ष जिला चम्बा में आई प्राकृतिक आपदा से प्रभावित गांवों एवं मकानों को पक्का व प्रोटैक्ट किया गया है; यदि हां, तो गांव के नाम व व्यय धनराशि सहित ब्यौरा दें; और

(ख) यह भी सत्य है कि चुराह विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न गांव व कई सड़कें जो गत बरसात में क्षतिग्रस्त हुई थीं, उनकी आज तक मरम्मत नहीं हुई है; यदि हां, तो कारण सहित ब्यौरा दें?

----

## कनिष्ठ कार्यालय सहायक (पुस्तकालय)

***4499 श्री सतपाल सिंह सत्ती (ऊना):**

क्या **शिक्षा मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि सरकार ने सीधी भर्ती के माध्यम से कनिष्ठ कार्यालय सहायक (पुस्तकालय) के कुछ पद भरे हैं; यदि हां, तो कितने; ब्यौरा दें;

(ख) क्या सरकार भर्ती एवं पदोन्नति नियमों के अनुसार इनके बराबर ही पद बैचवाइज आधार पर भरने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; यदि नहीं, तो कारण; और

(ग) यह भी सत्य है कि हाल ही में कैबिनेट ने इस श्रेणी के 200 पद भरने का निर्णय लिया है; यदि हां, तो भर्ती किस आधार पर होगी, सीधी व बैच वाइज आधार पर या दोनों; ब्यौरा सृजित पदों की संख्या सहित दें?

----

**शिमलाः 171004.** **यशपाल शर्मा,**

**22 अगस्त, 2026.** **सचिव**